पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# राज्यपाल ने कोरोना की स्वदेशी वैक्सीन लगवाई

## सभी लोग वैक्सीन अवश्य लगवायें
## –राज्यपाल

लखनऊः 25 मार्च, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज अहमदाबाद (गुजरात) स्थित अपने आवास पर कोरोना की स्वदेशी वैक्सीन लगवाई।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में पूरा देश में कोरोना के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि कोरोना की स्वदेशी वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है देश और प्रदेश के सभी लोगों को अपनी बारी आने पर वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए।

———

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (190/35)

